Maladministration in Government hospitals of Delhi

2830. PROF. VIJAY KUMAR MALHOTRA; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether there are large scale irregularities in the purchase of medicines and other stores material and gross mismanagement in the administration of Government hospitals in Delhi;

(b) if so, the number of reported cases of purchase of sub-standard medicines, glucose etc. in Government Hospitals in each of the last three years hospital-wise and the action taken thereon: and

(c) the steps taken or proposed to be taken by Government to improve the functioning of Government hos pitals in Delhi?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SIL-VERA); (a) and (b) Irregularities relating to the purchase of stores have been detected in G. B. Pant Hospital. The Government of Delhi has requested Ministry of Home Affairs to hand over the case to C.B.I, for investigation.

(c) The Hospitals are provided with appropriate equipment and other facilities in order to improve their functioning.

Ayurvedic drugs to cure AIDS

2831. SHRI KRISHAN LAL SHARMA; Will the Minister of HEALTH AND FAMILY WELFARE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that an Ayurveda pharmacologist has claimed that certain commonly available drugs have the capability of providing effective treatment of AIDS; and

(b) if so, whether Government propose to give these drugs for trial in their hospitals and if not, the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY WELFARE (DR. C. SIL-VERA): (a) Government is not aware of any such scientifically established claim.

(b) Does not arise.

बिहार में मलेरिया का उन्मूलन किया जाना

2832. **श्री एस० एस० अहलुवालिया:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में मलेरिया उन्मूलन हेतु कोई कार्यक्रम तैयार किया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) सरकार ने गत तीन वर्षों के दौरान मलेरिया उन्मूलन हेतु राज्य सरकार को प्रति वर्ष कितनी-कितनी धनराशि उपलब्ध कराई; और

(घ) बिहार में मलेरिया उन्मूलन के संबंध में हुई प्रगति का ब्यौरा क्या है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) और (ख) जी हां, बिहार राज्य राष्ट्रीय उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत कवर है । इस कार्यक्रम में रोगियों का आरम्भावस्था में पता लगना तथा उनका उपचार करना, छिड़काव कार्यों के जरिए वैक्टर नियंत्रण तथा लोगों में जागरूकता पैदा करने के लिए स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देना शामिल है ।

(ग) केन्द्रीय सरकार द्वारा पिछले तीन वर्षों के दौरान किया गया आबंटन इस प्रकार है :—

वर्ष	लाख रुपये में
1990-91	485.41
1991-92	70.70
1992-93	374.41

(घ) (i) हाल ही के वर्षों में जांच की गई रक्त स्लाइडों तथा पता लगाए गए मलेरिया रोगियों की संख्या नीचे दी गई है :—

वर्ष	जांची गई रक्त स्लाइडें	मलेरिया रोगी
	(हजार में)	
1989	1944	50,532
1990	1861	57,814
1991	1643	60,332
1992	1506	65,392

(ii) पिछले दो वर्षों के दौरान लक्षित आबादी (मिलियन में) के मुकाबले कीटनाशी छिड़काव की उपलब्धि इस प्रकार है :—

वर्ष	लक्ष्य	प्रतिशत कवरेज
1991	6.20	86.35
1992	8.77	73.10

बिहार में बच्चों को टीका लगाया जाना

2833. **श्री एस०एस० अहलुवालिया:** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में बच्चों के टीकाकरण के संबंध में हुई प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु केन्द्रीय स्तर पर कोई सर्वेक्षण कराया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है :

(ग) क्या सरकार बिहार में बच्चों के टीकाकरण की प्रगति से संतुष्ट है; और

(घ) यदि नहीं तो सरकार इस संदर्भ में क्या उचित कार्यवाही करने का विचार रखती है ?

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० सी० सिल्वेरा) : (क) जी, नहीं ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

(ग) और (घ) वर्ष 1992–93 के दौरान बिहार में टीकाकरण के सूचित किए गए कवरेज स्तर इस प्रकार थे :

डी० पी० टी०	75.53 प्रतिशत
ओ० पी० वी०	74.77 प्रतिशत
बी० सी० जी०	82.73 प्रतिशत
खसरा	71.00 प्रतिशत
टेटनस (गर्भवती महिलाएं)	63.18 प्रतिशत

ये कवरेज स्तर 85 प्रतिशत से अधिक के राष्ट्रीय औसत से कम थे। बिहार सरकार को पात्र शिशुओं और गर्भवती महिलाओं की व्यापक कवरेज सुनिश्चित करने के वास्ते प्रभावी उपाय करने के लिए सलाह दी गई है ।

उत्तर प्रदेश में बीमारियों का प्रकोप

2834. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि गत वर्ष के दौरान उत्तर प्रदेश में कई बीमारियों का प्रकोप रहा था ;